(ख) उनमें से कितने लोग उत्तर प्रदेश के हैं और उनकी जिलेवार संख्या कितनी है; और

(ग) इनमें से कितने व्यक्ति संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से चुने गये डाक्टरों की नियुक्ति के पश्चात् नौकरी से हटा दिये गये और यदि नहीं हटाये गये तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) आपात काल के दौरान तदर्थ आधार पर उनतीस (29) डाक्टरों की नियुक्ति की गयी थी। ये नियुक्तियां उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक द्वारा की गई थीं।

(ख) 29 में से 14 उत्तर प्रदेश के हैं, जनका जिलावार ब्यौरा निम्नलिखित है :—

आगरा	3
बुलंदशहर	1
एटा	1
फरुखाबाद	1
कानपुर	1
लखनऊ	3
मुरादाबाद	2
रामपुर	1
सुलतानपुर	1

(ग) संघ लोक सेवा आयोग द्वारा मनोनीत व्यक्तियों ने अभी कार्यभार नहीं सम्भाला है।

एमरजेंसी हटने के पश्चात् उत्तर रेलवे में डाक्टरों की तदर्थ आधार पर नियुक्ति

4901. **श्री राम प्रसाद देशमुख :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) एमरजेंसी हटने के बाद से उत्तर रेलवे में तदर्थ आधार पर कितने डाक्टर नियुक्त किये गये और उन्हें कहां-कहां नियुक्त किया गया ;

(ख) जिन स्थानों पर उन्हें नियुक्त किया गया वहां पर डाक्टरों की कमी होने का मूल्यांकन किस आधार पर किया गया; और

(ग) क्या इन स्थानों पर रोगियों की संख्या बढ़ गई थी ; और यदि हां, तो इन स्थानों के क्या नाम हैं और वहां इस संख्या में कितनी वृद्धि हुई थी ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते): (क) एक विवरण संलग्न है।

(ख) सेवा निवृत्ति, त्यागपत्र आदि के परिणामस्वरूप रिक्त हुए केवल नियमित पदों पर ही नियुक्तियां की गई थीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

आपातकाल के बाद उत्तर रेलवे में तदर्थ आधार पर नियुक्त किये गये डाक्टरों का ब्यौरा—

क्रम सं०	नाम	पता	नियुक्ति का स्थान
1	डा० सैयद हासिम रजा	म० नं० 165, गोलनमुन, नारायण रेस्टोरेंट के पीछे, लखनऊ	सीतापुर सिटी
2	डा० सत्य प्रकाश शुक्ला	255/49 गोपाल निवास, तिकोना पार्क के पास, कादरी रकाब गंज, लखनऊ	लखनऊ
3	डा० सुभाष रैना	सी–5 पामपोस्ट एन्कलेब, ग्रेटर कैलाश, नई दिल्ली	दिल्ली
4	डा० के० के० गखर	25/डी, एस० पी० रोड, नई दिल्ली	नई दिल्ली
5	डा० अतुल कुमार अग्रवाल	31–बी, कचहरी रोड, इलाहाबाद	अमृतसर
6	डा० छत्रपाल सिंह	248, खुरवरा मोहल्ला, देहरादून	फिरोजपुर
7	डा० मधु मेहरोत्रा	मारफत श्री पी०एन० मेहरोत्रा, 8, नवाब युसुफ रोड, इलाहाबाद	कानपुर
8	डा० चन्द्र नारायण मेहरोत्रा	मारफत श्री पी० एन० मेहरोत्रा, 8, नवाब युसुफ रोड, इलाहाबाद	कानपुर

उत्तर रेलवे में डाक्टरों की तदर्थ नियुक्ति

4902. **श्री राम प्रसाद देशमुख** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर रेलवे में इस समय तदर्थ आधार पर नियुक्त कितने डाक्टर काम कर रहे हैं;

(ख) उनमें से कितने डाक्टरों को उनकी योग्यता के अनुसार काम दे रखा है; और

(ग) क्या वर्तमान सरकार ने तदर्थ नियुक्तियों को रोक दिया था; और यदि हां, तो इस नीति के बावजूद उत्तर रेलवे के अस्पतालों, में कितने डाक्टर नियुक्त किए गए ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) 53

(ख) तदर्थ आधार पर नियुक्त अधिकांश डाक्टर केवल बुनियादी चिकित्सा सम्बन्धी अर्हता प्राप्त हैं। उन्हें उनकी अर्हता के अनुसार काम दिया गया है।